मथुरा की छाता चीनी मिल व गोरखपुर में नई एथेनॉल डिस्टलरी की स्थापना जल्द

लखनऊ। मथुरा की छाता चीनी मिल और गोरखपुर के पिपराइच में नई एथेनॉल डिस्टलरी की परियोजना जल्द धरातल पर उतरेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की घोषणा के बाद छाता चीनी मिल और पिपराइच डिस्टलरी के लिए ई-निविदा की प्रक्रिया चल रही है। इसके पूरा होते ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। बता दें, वर्ष 2025-26 के बजट में मथुरा के छाता में 3000 टीडीसी क्षमता की चीनी मिल और गोरखपुर के पिपराइच में 120 केपीएलडी की एथेनॉल डिस्टलरी की स्थापना की घोषणा हुई थी। वर्ष 2009 से बंद छाता चीनी मिल के शुरू होने से गन्ना किसानों को लाभ होगा। इस चीनी मिल की क्षमता को 2000 टीडीएस से बढ़ा कर 3000 टीडीएस किया जा रहा है। वहीं, पिपराइच शुगर मिल में एथेनॉल डिस्टलरी की स्थापना के लिए बजट में 90 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए थे। वर्तमान में 120 केपीएलडी क्षमता की एथेनॉल की डिस्टलरी की स्थापना के लिए निविदा प्रक्रिया भी अंतिम चरण में है। ब्यूरो